हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 9 जून 2026


तापमान
अधिकतम 40 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री


11 धमतरी रेड बनी चैंपियन धमतरी ग्रीन उपविजेता





12 गांवों में भी गीला-सूखा कचरा अलग करना होगा






## खबर संक्षेप

### 5 जुलाई को होगी चयन परीक्षा

**धमतरी।** जिले के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों को राज्य के उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थानों में निःशुल्क अध्ययन एवं प्रवेश का अवसर प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना) अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु चयन परीक्षा 5 जुलाई को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक होगी।

### ऑनलाइन आवेदन 22 जून तक

**धमतरी।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कुरूद के तहत आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-01 अटंग में कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी केन्द्र परसट्ठी में सहायिका के भर्ती के लिए 22 जून तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। परियोजना अधिकारी ने बताया कि कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती के लिए इच्छुक पात्र महिलाएं ई-भर्ती पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकतीं हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन अमान्य होंगे।

### स्वामी टेऊंराम महाराज का चालीहा महोत्सव आज से

**धमतरी।** पूज्य सिंधी पंचायत एवं प्रेम प्रकाश आश्रम स्वामी टेऊंरामनगर द्वारा आचार्य सद्गुरु



स्वामी टेऊंराम महाराज के 140वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 9 जून से 19 जुलाई तक 40 दिवसीय चालीहा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव के दौरान प्रतिदिन रात्रि 9:30 बजे से 10:30 बजे तक भजन-कीर्तन, सत्संग, प्रवचन एवं स्वामी टेऊंराम चालीसा का पाठ किया जाएगा। महोत्सव का समापन 19 जुलाई को पंच दिवसीय जन्मोत्सव कार्यक्रम के साथ होगा। 15 जून से 19 जून तक आचार्य का 85वां वर्सी उत्सव भी श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मनाया जाएगा। चालीसा पाठ कार्यक्रम का शुभारंभ 9 जून मंगलवार को सेवकराम, महेशकुमार एवं मनोजकुमार माखीजा परिवार द्वारा प्रेमप्रकाश आश्रम में किया जाएगा। पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष चंदूलाल जसवानी एवं महापौर रामू रोहरा ने कहा कि यह महोत्सव समाज में आध्यात्मिक चेतना, गुरु-शिष्य परंपरा एवं भारतीय संस्कारों को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

### सिहाद में टेनिस बाल क्रिकेट आज से

**भखारा।** ग्राम सिहाद में ग्रामीण स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता 9 जून से रखी गई है। जिले की कुल 32 क्रिकेट टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रथम पुरस्कार 21,111 व ट्राफी, द्वितीय पुरस्कार 11,111 व ट्राफी दी जायेगी। शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि हरखचंद जैन विधायक प्रतिनिधि होंगे। अध्यक्षता छत्रपाल बैस सरपंच प्रतिनिधि करेंगे। विशिष्ट अतिथि बिष्णुसाहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत भखारा, भेषज बैस उपसरपंच, रमेशकुमार केला समाजसेवी, हरीश साहू, चंद्रकुमार साहू व्यवस्थापक, पंचगण तिलक विश्वकर्मा, विद्याशंकर साहू, किशोर पटेल, चंद्रशेखर सोनी, थानेश्वर पटेल व नंद साहू, जयनारायण बाघमार, तेजराम साहू होंगे। शुभारंभ मैच परखंदा और कोलर के बीच खेला जायेगा। दूसरा मैच कसोंदा व कोड़ेबोड़, तीसरा मैच हसदा व सेमरा, चौथा मैच बगौद व तेलीनसत्ती के बीच खेला जायेगा। आयोजन की तैयारी में सोनू बैस, उमेंद्र गंगेले, दद्दू बैस, थम्मन यादव, लक्की सोनी, सीमंत तारक, भुनु तारक, आर्यन बैस सहित ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

# जिले में नारियल खेती योजना फ्लॉप, सिंचाई और देखरेख के अभाव में मरे पौधे

## सब्सिडी पर बांटे गए 2 हजार नारियल पौधे, महानदी बेल्ट में भी नहीं मिली अपेक्षित सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के लिए नारियल की खेती पर फोकस किया गया, लेकिन किसानों को यह योजना रास नहीं आई। महानदी किनारे कुछ क्षेत्र में यह खेती सिमटकर गई। इसमें भी कई जगहों पर पौधे मर गए हैं।

जिले में कई प्रकार की खेती होती है, लेकिन नारियल की खेती नहीं होती है, जबकि जिले का वातावरण नारियल की खेती के लिए उपयुक्त है। छत्तीसगढ़ में सुलभ इस वातावरण का लाभ देने पिछले साल किसानों को नारियल की खेती के लिए प्रेरित किया गया था।



फाइल फोटो

### नगरी क्षेत्र में बटे पौधे

मां फाउंडेशन की मदद से गणेश घाट, छिपली, अमाली, गोरेगांव, फरसियां, संबलपुर, बोधसेमरा, देवपुर सहित अन्य कई गांवों में नारियल के पौधे बांटे गए थे। कुछ गांवों में नाला किनारे भी नारियल की खेती के लिए पौधे वितरित किए गए थे। इनमें से अधिकांश स्थानों पर इन पौधों की स्थिति खराब है। कुछ किसान अच्छे से देखभाल कर रहे हैं। वहां पर स्थिति संतोषप्रद है।

इसके तहत महंगे दाम पर मिलने वाले नारियल के पौधों को किसानों को सब्सिडी पर उपलब्ध कराया गया है। किसानों को प्रति पौधा 8-10 रुपए में दिया गया।

खासकर महानदी बेल्ट के किसानों को प्राथमिकता दी गई है। अन्य क्षेत्र में खेतों की मेड़ में नारियल के पौधे लगाने की योजना बनाई गई थी, लेकिन नारियल के पौधे ही नहीं मिले, जिसके चलते योजना महानदी किनारे तक सिमट गई।

इसमें भी गर्मी में ठीक से सिंचाई नहीं मिलने के कारण बड़ी संख्या में पौधे मर गए। घेरा नहीं होने पर मवेशियों का चारा बन गया।

## पांचवीं, आठवीं की जानकारी को शुद्ध करने में ही जुटा शिक्षा विभाग

# एक माह पहले जारी हुआ रिजल्ट अब तक नहीं मिली मार्कशीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रिजल्ट जारी होने एक माह बाद भी पांचवीं, आठवीं के छात्रों को मार्कशीट नहीं मिली है। इसमें कई प्रकार की त्रुटियां हैं। सुधार के लिए स्कूलों को यह जानकारी भेजी गई है। सुधार के बाद जानकारी को जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय में जमा नहीं किया गया है।

बोर्ड की तर्ज पर इस साल कक्षा पांचवीं और आठवीं की परीक्षा ली गई। 30 अप्रैल को रिजल्ट भी जारी कर दिया गया, लेकिन अब तक छात्रों को अंकसूची नहीं दी गई है। एक माह से विभाग त्रुटि सुधार कर रहा है, लेकिन अब तक सुधार नहीं





हुआ है। उधर स्कूल खुलने में अब कुछ ही दिन शेष हैं। शिक्षकों के सामने नई समस्या पैदा हो गई है। वे नए सत्र की तैयारी करें या अंकसूची में सुधार। अधिकांश शिक्षकों का कहना है कि उन्होंने जानकारी सही भरकर भेजी है। उधर शिक्षा विभाग इनमें त्रुटि बता रहा है। इसी चक्कर में अंकसूची का काम अटका हुआ है।

### यह है प्रक्रिया

इस बार बोर्ड की तर्ज पर पांचवीं, आठवीं की परीक्षा ली गई। उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक जगह पर किया गया। पूरी जानकारी शिक्षा विभाग को भेज दी गई है। इस जानकारी में नाम, पिता का नाम, माता का नाम सहित कई प्रकार की जानकारियों में कुछ त्रुटियां पाई गईं। इन त्रुटियों में सुधार के लिए स्कूलों को जानकारी भेजी गई है। कई स्कूलों से सुधार के बाद जानकारी नहीं मिली है।

### 24 हजार छात्रों ने दी है परीक्षा

जिले में 24072 छात्रों ने पांचवीं और आठवीं की परीक्षा दिलाई है। इसमें से 12120 ने आठवीं और 11912 छात्रों ने पांचवीं की परीक्षा दिलाई है। इस परीक्षा में छात्रों को फेल तो नहीं करना है, लेकिन पूरक दिया जा सकता है। आठवीं में 656 पूरक और पांचवीं में 155 छात्र पूरक आए हैं। आठवीं का रिजल्ट 94.55 प्रतिशत और पांचवीं का 98.7 प्रतिशत रिजल्ट आया है।

### दो-तीन दिन में बांट देंगे मार्कशीट

विभाग द्वारा रिजल्ट को कंफर्म किया जाता है, ताकि मार्कशीट शत प्रतिशत शुद्ध बने। कुछ जानकारियों में त्रुटि मिली। सुधार के बाद दो-तीन दिन में मार्कशीट बांट दी जाएगी।

- अभय जायसवाल, *जिला शिक्षाधिकारी*

# अमलीडीह-भिराई मार्ग पर भीषण सड़क हादसा, कार के उड़े परखच्चे

- छह लोगों में से पांच गंभीर रूप से घायल, जिला अस्पताल में उपचार जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶अमलीडीह(धमतरी)

अमलीडीह-भिराई मार्ग पर रविवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार हुंडई i10 कार क्रमांक सीजी 04 04 एचपी 9877 अनियंत्रित होकर पहले सड़क किनारे लगे मील पत्थर से टकराई और फिर सड़क पार करते हुए पक्की नाली में जा गिरी। हादसा ग्राम भिराई से करीब 400 मीटर पहले दोपहर लगभग 2:30 बजे हुआ। कार में सवार छह लोगों में से पांच गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि एक व्यक्ति को मामूली चोटें आई हैं। सभी घायलों का उपचार जिला अस्पताल धमतरी में जारी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम भिराई निवासी महेश निर्मलकर, तोरण साहू पंचायत सचिव, ऐश कुमार, मुकेश साहू, विजय साहू और रोशन साहू किसी कार्य से कुर्रा धमतरी गए हुए थे। वापसी के दौरान चालक महेश निर्मलकर वाहन से नियंत्रण खो बैठा, जिसके बाद यह भीषण दुर्घटना हुई।

### इंजन और पहिये अलग हुए, नशे की आशंका पर जांच जारी

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का इंजन वाहन से अलग होकर नाली में जा फंसा। कार कई बार घूमते हुए सड़क के दूसरी ओर स्थित नाली किनारे लगे बांस के पेड़ से टकराकर रुकी। हादसे में वाहन का अगला पहिया भी टूटकर निकल गया और ड्राइवर सीट तक पहुंच गया। दुर्घटना के बाद सभी सवार कुछ समय के लिए अचेत हो गए थे। होश आने पर मुकेश साहू ने कार का दरवाजा तोड़कर बाहर निकलने में सफलता पाई और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फलारी पहुंचे। उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

वहीं अन्य पांच घायलों को 108 एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल धमतरी भेजा गया। गंभीर रूप से घायल तोरण साहू को बेहतर उपचार के लिए निजी अस्पताल रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही सनौद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। स्थानीय स्तर पर कार सवारों के शराब के नशे में होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि पुलिस ने कहा है कि चिकित्सकीय परीक्षण और जांच पूरी होने के बाद ही दुर्घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# 60 लाख के जनमन भवन का उद्घाटन रोका, फिर उसी में हुआ प्रशासनिक कार्यक्रम : सार्वा

- खड़मा-सिंगपुर विवाद पर जिपं अध्यक्ष ने उठाए सवाल, प्रभारी मंत्री से लेकर पीएम कार्यालय तक करेंगे शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम पंचायत खड़मा एवं सिंगपुर में प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत लगभग 60 लाख रुपये की लागत से निर्मित बहुउद्देशीय केंद्र भवन के लोकार्पण कार्यक्रम को प्रशासन द्वारा निरस्त किए जाने के बाद नया विवाद खड़ा हो गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा है कि जिस भवन का विधिवत लोकार्पण नहीं हुआ था, उसी भवन में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जनसमूह के साथ कार्यक्रम आयोजित करना समझ से परे है और यह अनेक प्रश्नों को जन्म देता है।



श्री सार्वा ने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत निर्मित यह बहुउद्देशीय केंद्र क्षेत्र की जनता को समर्पित किया जाना था। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति प्रस्तावित थी तथा ग्रामीणों में भी इसे लेकर उत्साह का माहौल था। किंतु अंतिम समय में प्रशासन द्वारा लोकार्पण कार्यक्रम को निरस्त कर दिया गया। इसके बाद आश्चर्यजनक रूप से प्रशासनिक अमला उसी भवन में पहुंचा और वहां जनसमूह की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

उन्होंने कहा कि यदि भवन उद्घाटन योग्य नहीं था या किसी कारणवश लोकार्पण कार्यक्रम स्थगित किया गया था, तो फिर उसी भवन में प्रशासनिक कार्यक्रम आयोजित करने का औचित्य क्या था? और यदि भवन उपयोग के लिए पूरी तरह तैयार था, तो फिर जनता और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रस्तावित लोकार्पण कार्यक्रम को रोकने का कारण क्या था? प्रशासन को इन सवालों का जवाब देना चाहिए।

# कार व पिकअप से करोड़ों का गांजा बरामद, 5 पकड़े गए

- जगदलपुर से रायपुर व अन्य क्षेत्रों में खपाने की थी तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

महज 6 सप्ताह में गांजा तस्करों पर लगातार सातवीं बड़ी कार्रवाई से अंतर्राज्यीय नेटवर्क पर करारा प्रहार माना जा रहा है। पुलिस ने कार व पिकअप से लगभग 5 क्विंटल गांजा बरामद किया है। जब्त गांजा की कीमत ढाई करोड़ रुपए बताई जा रही है। मामले में नाबालिग सहित 5 लोगों को हिरासत में लिया है।

पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार के निर्देश पर जिलेभर में अवैध मादक पदार्थों, शराब, जुआ एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों के विरूद्ध लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। विशेष रूप से ओडिशा, महाराष्ट्र एवं बस्तर क्षेत्र से जुड़े संवेदनशील मार्गों पर पुलिस द्वारा चौकस निगरानी एवं रणनीतिक कार्रवाई कर अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी नटवर्क पर लगातार प्रभावी प्रहार किया जा रहा है।





### 96 पैकट में 491 किलोग्राम गांजा बरामद

संदिग्ध वाहन की तलाशी के दौरान महेंद्रा पिकअप में रखी 13 प्लास्टिक बोरियों एवं स्विफ्ट कार में छिपाकर रखे गए कुल 96 पैकट में 490.818 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत 2 करोड़ 45 लाख 40 हजार 900 रुपए आंकी गई है। मौके पर पुलिस ने 4 आरोपियों एवं 1 विधि से संघर्षरत बालक को पकड़ा गया है। गांजा के अलावा जब्त संपत्ति में मारूति स्विफ्ट कार कीमत 9 लाख रूपए, महेंद्रा पिकअप 5 लाख रुपए, 8 नग मोबाइल कीमत 1.35 लाख रुपए, कुल जब्त संपति की अनुमानित कीमत 2 करोड़ 60 लाख 75 हजार 900 रुपये है। बताया गया कि सन 2022 में 10 क्विंटल गांजा जब्ती के बाद यह जिले की यह सबसे कार्रवाई है।

### गिरफ्तार आरोपियों में तीन रायपुर से

गांजा तस्करी के मामले में गिरफ्तार आरोपियों में नौशाद खान पिता मुन्ना खान 29 वर्ष मूल निवासी ग्राम बरनावा थाना बिनोली जिला बागमत उत्तरप्रदेश वर्तमान निवासी जगदलपुर, करण साहू पिता मनोज साहू 22 वर्ष निवासी ग्राम बोरिया अंतरामार्ट गली नंबर 4 अक्षरविहार थाना टिकरापारा रायपुर, मो.सादिक पिता मो.यूनूस खान 30 वर्ष निवासी गोकुल नगर टिकरापारा रायपुर, हिमांशु साहू पिता भोजराज 20 वर्ष निवासी पचपेड़ी नाका रायपुर थाना टिकरापारा को गिरफ्तार किया गया तथा एक विधि से संघर्षरत बालक की सामाजिक पृष्ठभूमि तैयार कर किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया जा रहा है।

सोमवार को श्री परिहार ने एसपी कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि एक महेंद्रा पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 04 क्यूएच 0834 एवं मारूति स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी 04 क्यूए 3116 में बड़ी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा भरकर चारामा से धमतरी की ओर परिवहन किया जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए सीएसपी को नाकाबंदी करने के लिए निर्देशित किया। पुलिस टीम ने रणनीति के साथ संदिग्ध वाहनों की सघन चेकिंग अभियान चलाकर आगे पीछे से घेराबंदी की। पुलिस की सतर्कता, सूझबूझ एवं तत्पर कार्रवाई से आरोपियों को श्यामतराई फारेस्ट नाका के पास पकड़ा गया।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं। आरोपियों ने ▶▶ शेष पेज 12 पर

## दूषित पानी के उपचार की दिशा में निगम की बड़ी पहल

# एसटीपी प्लांट ट्रायल मोड पर, शहर के गंदे पानी को बनाया जा रहा उपयोगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर निगम द्वारा शहर के दूषित पानी को उपचारित कर उपयोगी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। लगभग 30.31 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किए गए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) को फिलहाल ट्रायल मोड पर संचालित किया जा रहा है। इस परियोजना के माध्यम से शहर के गंदे पानी को शुद्ध कर किसानों और तालाबों तक पहुंचाने की योजना पर तेजी से काम चल रहा है।

निगम प्रशासन का मानना है कि योजना पूरी तरह शुरू होने के बाद जल संरक्षण, सिंचाई और पर्यावरण सुरक्षा को नई मजबूती मिलेगी। ट्रायल के दौरान प्लांट से सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं।



### 19.60 एमएलडी क्षमता वाला आधुनिक प्लांट तैयार

मुजगहन क्षेत्र में स्थापित एसटीपी प्लांट की क्षमता 19.60 एमएलडी है। अत्याधुनिक तकनीक से तैयार इस प्लांट में गंदे पानी को तीन चरणों में उपचारित किया जाता है। पहले चरण में बड़े कचरे को अलग किया जाता है। दूसरे चरण में बारीक अपशिष्ट की सफाई की जाती है और अंतिम चरण में ऑक्सीजन तथा क्लोरीन प्रक्रिया से पानी को शुद्ध किया जाता है। अभी ट्रायल के दौरान लगभग 4 एमएलडी पानी का सफल उपचार किया जा रहा है। निगम अधिकारियों के अनुसार प्लांट की कार्यप्रणाली लगातार मॉनिटर की जा रही है ताकि भविष्य में इसे पूर्ण क्षमता के साथ संचालित किया जा सके।

### पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अहम कदम

नगर निगम की यह परियोजना पर्यावरण संरक्षण और शहरी स्वच्छता की दिशा में अहम पहल मानी जा रही है। एसटीपी प्लांट शुरू होने से शहर का दूषित पानी सीधे प्राकृतिक स्रोतों में जाने से रोका जा सकेगा। इससे जल प्रदूषण कम होगा और स्वच्छता व्यवस्था बेहतर होगी। निगम प्रशासन भविष्य में जैविक खाद निर्माण की योजना पर भी कार्य कर रहा है। इससे किसानों को सस्ती खाद उपलब्ध कराने के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। अधिकारियों का कहना है कि आने वाले समय में यह परियोजना धमतरी को जल संरक्षण और स्वच्छता के क्षेत्र में मॉडल शहर के रूप में नई पहचान दिलाएगी।

### किसानों और तालाबों को मिलेगा लाभ

उपचारित पानी को ट्रायल के रूप में मुजगहन क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। सब्जी और अन्य फसलों की खेती करने वाले किसानों को इससे लाभ मिलने लगा है। निगम का कहना है कि इससे किसानों को सिंचाई के लिए वैकल्पिक जल स्रोत मिलेगा और खेती की लागत में कमी आएगी। इसके साथ ही शहर के तालाबों तक उपचारित पानी पहुंचाने के लिए पाइपलाइन विस्तार का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। योजना के पूर्ण होने पर प्रमुख तालाबों में उपचारित पानी छोड़ा जाएगा, जिससे गर्मी के मौसम में जल स्तर बनाए रखने में मदद मिलेगी।

# लाईवलीहुड कॉलेज में लगेगा रोजगार मेला

- 11 जून को 357 पदों पर होगी भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले के शिक्षित एवं रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 11 जून को लाईवलीहुड कॉलेज, धमतरी में रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले के माध्यम से विभिन्न प्रतिष्ठित निजी संस्थानों द्वारा सुपरवाईजर, असिस्टेंट सुपरवाईजर, हाउस कीपिंग स्टाफ सहित कुल 357 पदों पर भर्ती की जाएगी। सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता पांचवीं एवं दसवीं उत्तीर्ण निर्धारित की गई है।



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिले के युवाओं से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा है कि रोजगार मेले युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम हैं। जिला प्रशासन युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा ऐसे आयोजनों से युवाओं को निजी क्षेत्र में बेहतर अवसर प्राप्त होते हैं। रोजगार मेले में अभ्यर्थियों का प्रारंभिक पंजीयन, साक्षात्कार एवं पात्रतानुसार चयन की प्रक्रिया संचालित की जाएगी। जिला प्रशासन ने पात्र एवं इच्छुक युवाओं से समय पर पहुंचकर रोजगार के इस अवसर का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

**खबर संक्षेप**

### देवपुर में निषाद समाज की बैठक 14 को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ निषाद समाज 22 पाली डोंगेश्वर परिक्षेत्र देवपुर की तिमाही बैठक 14 जून को श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण सामाजिक निषाद भवन देवपुर में सुबह 11 बजे रखी है। बैठक में सामाजिक एवं अन्य विषयों पर परिचर्चा होगी। यह जानकारी पाली अध्यक्ष प्रकाश निषाद, उपाध्यक्ष लखन निषाद, महासचिव परदेशी निषाद, मीडिया प्रभारी पवन निषाद ने दी है।

**निधन**

### नंदूराम सेन



**धमतरी।** ग्राम रांवा निवासी व झेरिया सेन समाज के कार्यकारणी सदस्य नंदूराम सेन का आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंत्येष्टि 7 जून रविवार को मुक्तिधाम में की गई।

### केशव चंद्राकर



**धमतरी।** ग्राम लिमतरा निवासी तथा सिंचाई विभाग बालोद से सेवानिवृत्त 66 वर्षीय केशव चंद्राकर का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। वे आंनद के बड़े भाई तथा संदीप चंद्राकर के पिताजी थे। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में परिजन शामिल हुए।

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

### 2.60 करोड़ का गांजा जब्त, पांच तस्कर ...

जगदलपुर से गांजा लाकर रायपुर एवं अन्य स्थानों में खपाने की तैयारी की थी। धमतरी पुलिस ने 6 सप्ताह में सीमावर्ती क्षेत्रों एवं प्रमुख मार्गों पर लगातार प्रभावी कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करी के विरूद्ध सात और अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई कर महत्वपूर्ण सफलता पाई है। इन कार्रवाई में अब तक सैकड़ों किलोग्राम एवं करोड़ों रुपये की संपत्ति जब्त कर अंतर्राज्यीय तस्करी नेटवर्क को गंभीर क्षति पहुंचाई है। मादक पदार्थ तस्करों ने कभी कपड़ों के व्यापार, कभी महिलाओं की आड़ तो कभी अन्य शातिर तरीकों का सहारा लेकर गांजा एवं अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी करने का प्रयास किया है।

# कृषि कॉलेज के छात्रों एवं शिक्षकों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**कुरूद में पौधारोपण एवं जनजागरुकता कार्यक्रम हुआ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कुरूद में अधिष्ठाता डॉ. नवनीत राणा के मार्गदर्शन में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पौधरोपण एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने आम, जामुन, कटहल, नींबू सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विश्व पर्यावरण दिवस 2026 की थीम प्रकृति से प्रेरित जलवायु के लिए हमारे भविष्य के लिए के अनुरूप विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों तथा प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के तहत जागरूकता रैली तथा नारा लेखन एवं नारा प्रदर्शन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में डॉ. अमीन कुरैशी, डॉ. आर.के. महोबिया (शस्य विज्ञान), डॉ. हरीश कुमार (मृदा विज्ञान), डॉ. गुलाब दास (सब्जी विज्ञान), सोनू दिवाकर (फल विज्ञान), राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. युवराज सिंह ध्रुव सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन एवं सतत विकास के प्रति जन-जागरूकता के संदेश के साथ किया गया।





#### पर्यावरण संरक्षण की ली शपथ

विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और प्लास्टिक प्रदूषण नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस दौरान सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकगण ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेते हुए अधिक से अधिक पौधरोपण करने तथा पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने और स्वच्छ, हरित एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण में सक्रिय योगदान देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

पीएम आवास और महतारी वंदन के लिए लगे आवेदन

# कुरूद के सुशासन तिहार में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

राज्य सरकार के सुशासन तिहार अभियान के तहत नगर पालिका कुरूद द्वारा केनाल रोड स्थित स्वामी विवेकानंद मंगल भवन में जनसमस्या निवारण एवं समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर के सभी 15 वार्डों से बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे और शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। प्रदूषण, बिजली, पानी, सफाई, स्वास्थ्य, शिक्षा और कानून व्यवस्था जैसे मुद्दों को लेकर भी लोगों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं।

नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने शिविर का शुभारंभ कर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया और हितग्राहियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान कुपोषित बच्चों को पोषण टोकरी वितरित की गई तथा नोनी योजना के अंतर्गत पात्र बालिकाओं के पालकों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। बीमा और जन्म प्रमाण पत्रों का भी वितरण किया गया।शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना और भूमिहीन कृषक योजना के लिए सबसे अधिक आवेदन प्राप्त हुए।

इस अवसर पर पार्षद मिथिलेश बैस, सीतेश सिन्हा, रवि मानिकपुरी, कविता चंद्राकर, राजकुमारी ध्रुव, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष धनेश्वरी निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और नागरिक उपस्थित थे।





#### प्रदूषण और बढ़ती नशाखोरी पर भी उठी आवाज

कई लोगों ने नगर की बुनियादी सुविधाओं की स्थिति पर चिंता जताते हुए सुधार की मांग की। कुछ आवेदनों में औद्योगिक इकाइयों और पोल्ट्री व्यवसाय से उत्पन्न प्रदूषण पर रोक लगाने की मांग की गई। इसके अलावा नगर में बढ़ती नशाखोरी और अपराध की घटनाओं को लेकर भी लोगों ने चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस प्रशासन से प्रभावी कार्रवाई की अपेक्षा जताई। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 19 मई को आयोजित शिविर में भी 500 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे।

#### हर आवेदन पर होगी कार्रवाई, विभागों ने लगाये थे स्टॉल

मुख्य नगर पालिका अधिकारी महेन्द्र गुप्ता ने बताया कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जा रही है और अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। शिविर में शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, पुलिस प्रशासन, विद्युत विभाग और नगर पालिका सहित विभिन्न विभागों ने अपने-अपने स्टॉल लगाए। अधिकारियों ने लोगों को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया।

# मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे



- भाजपा मेघा मंडल की मासिक बैठक में कार्यकर्ताओं ने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

भारतीय जनता पार्टी मेघा मंडल की मासिक बैठक भाजपा कार्यालय मेघा में आयोजित की गई। बैठक में मंडल प्रभारी होरीलाल साहू, सह प्रभारी डागेश्वर सोनकर, वीरेंद्र साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड, राजेश साहू सभापति जनपद पंचायत मगरलोड, महेंद्र साहू अध्यक्ष नगर पंचायत करेली बड़ी, कुशलकांत साहू महामंत्री भाजपा मेघा मंडल, संतोष सोनी कोषाध्यक्ष, विनीता साहू जनपद सदस्य, अनीता देशमुख जनपद सदस्य मौजूद थे।

बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की गई। 12 साल विकास के, विश्वास के और जनकल्याण के अभियान को जन-जन तक पहुंचाने, केंद्र सरकार की जन हितकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क स्थापित करने तथा संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मोदीजी के आह्वान पर एक पेड़ मां नाम पर पौधरोपण मेघा के शीतला मंदिर के पास किया है। कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि मोदी सरकार की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाकर विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# 20 हजार सीडबॉल व 55 हजार पौधों का रोपण

- उदन्ती-सीतानदी क्षेत्र की ग्रामसभाओं ने पेश की मिसाल
- वन संरक्षण और संवर्धन के लिए चलाया वृहद अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उदन्ती सीतानदी टाइगर रिजर्व अंतर्गत आने वाले ग्राम तुमड़ीबहार, अरसीकन्हार, ठेनही, खल्लारी, मांदागिरी, मसूलखोई, करका, जोरातराई, गाताबाहरा, भीरागांव, चारगांव नयापारा, खुदूरपानी, चंदनबाहरा, जुनवानी, तांगापानी और गोरसानाला में सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र मिलने के बाद वन संरक्षण की दिशा में खोज संस्था और ग्रामसभा के नेतृत्व में जंगल संरक्षण, संवर्धन और प्रबंधन की प्रक्रिया में पर्यावरण संरक्षण के लिए वृहद अभियान चलाया गया जिसमें 20000 सीडबाल, 55000 नर्सरी का निर्माण व पौधारोपण किया गया और पेड़ों को रक्षासूत्र बांधा गया।

इस कार्यक्रम में सरपंच मोतिन बाई, सुरेश परदे ग्राम पटेल, प्रकाश ध्रुव, सुशील ध्रुव, बच्चन ध्रुव, आश्विन ध्रुव, परमेश्वरी भण्डारी, पुष्पा देवी विश्वकर्मा तुमड़ीबहार, श्रीधन नेताम चारगांव उपसरपंच, विष्णु नेताम सचिव करही, राकेश कश्यप, सुरेन्द्र गौर ठेनही, हेमराज कुंजाम, अजय नेताम, बिसरीबाई, जयसुला अरसीकन्हार, वन विभाग अरसीकन्हार रेंज से रेंजर सुश्री अनामिका वर्मा, डिप्टीरेंजर सरसचंद साहू, वनपाल सोहनलाल यादव, धनेश कुमार साहू, देवीराम ध्रुव, चंद्रभान साहू, गोवर्धन यादव, चंद्राकांत पांडे, मिथलरा मरकाम और खोज संस्था की सचिव सरस्वती ध्रुव व कार्यकर्ता मीनाक्षी यादव, नंदनी साहू, धनेश्वरी जगत, राजेश पटेल, सिंधिया मरकाम उपस्थित थे।

# मुल्ले में स्वामी विवेकानंद वाचनालय का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव



ग्राम पंचायत मुल्ले में स्वामी विवेकानंद वाचनालय का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर सरपंच जयश्री ने कहा है कि यह वाचनालय ग्रामीण प्रतिभाओं को पढ़ने-लिखने का बेहतरीन माहौल प्रदान करेगा। अब गांव के युवाओं को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है। यूपीएससी, सीजीपीएससी, व्यापम, रेलवे, एसएससी और अन्य सभी प्रतियोगिता परीक्षाओं की बेहतरीन पुस्तकें यहां उपलब्ध हैं। मुख्य अतिथि भाजपा सिर्री मंडल अध्यक्ष डॉ लोकेश साहू ने भी अपने विचार रखे।

मौके पर सिर्री मंडल प्रभारी पुष्पेंद साहू, मंडल सहप्रभारी जीवन साहू, जिला युवा मोर्चा कार्यकारणी सदस्य दिलीप साहू, जनपद प्रतिनिधि प्रीतम साहू, विनय मोरखे, सरपंच प्रतिनिधि संदीप डहरिया, चंद्रकुमार गंजीर, डॉ सुशांत, अर्जुन सोनवानी, प्रिंस बांधे, प्रकाश कोठरे समेत अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-बठेना तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.)**

**// सूचना पत्र //**

प्रति,

01. निधीपुरी पिता प्रदीपपुरी गोस्वामी
02. अनुसुईया साहू
03. दिलीप पुरी गोस्वामी

विषय :- सीमांकन/स्थल जांच की सूचना बाबत्।

--000--

आपको सूचित किया जाता है कि ग्राम पोटियाडीह प.ह.नं. 27 रा.नि.मं. आमदी तहसील व जिला-धमतरी में स्थित भूमि खसरा नंबर 233/2 रकबा 0.22 हे. का आवेदिका निधीपुरी गोस्वामी पिता प्रदीप पुरी गोस्वामी निवासी पोटियाडीह के आवेदन पर श्रीमान तहसीलदार धमतरी के आदेश दिनांक 25/05/2026 के अनुसार सीमांकन/स्थल जांच दिनांक 17/06/2026 को दिन बुधवार समय 11.00 बजे मेरे द्वारा किया जाना है।

अतः आप सीमावर्ती भूमि स्वामी होने के कारण सीमांकन/स्थल जांच के समय स्थल पर मय दस्तावेज के साथ उपस्थित रहें। समय पश्चात् आपत्ति ग्रहण नहीं की जावेगी।

**राजस्व निरीक्षक**
**बठेना, धमतरी**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-बठेना तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.)**

**// सूचना पत्र //**

प्रति,

01. दिलीपपुरी गोस्वामी पिता होमपुरी
02. राजेश कुमार शर्मा
03. कुंजबिहारी साहू
04. लीलाराम पटेल
05. तुषार शर्मा
06. बजरंग अग्रवाल
07. गीता गोसाई
08. चन्द्रकांत

विषय :- सीमांकन/स्थल जांच की सूचना बाबत्।

--000--

आपको सूचित किया जाता है कि ग्राम पोटियाडीह प.ह.नं. 27 रा.नि.म.. आमदी तहसील व जिला-धमतरी में स्थित भूमि खसरा नंबर 930, 922, 237, 718, 926, 927, 715 रकबा 0.37, 0.26, 1.12, 0.51, 0.13, 0.12, 0.48 हे. का आवेदक दिलीप पुरी गोस्वामी पिता होमपुरी निवासी पोटियाडीह के आवेदन पर श्रीमान तहसीलदार धमतरी के आदेश दिनांक 25/05/2026 के अनुसार सीमांकन/स्थल जांच दिनांक 17/06/2026 को दिन बुधवार समय 12.00 बजे मेरे द्वारा किया जाना है।

अतः आप सीमावर्ती भूमि स्वामी होने के कारण सीमांकन/स्थल जांच के समय स्थल पर मय दस्तावेज के साथ उपस्थित रहें। समय पश्चात् आपत्ति ग्रहण नहीं की जावेगी।

**राजस्व निरीक्षक**
**बठेना, धमतरी**

**:: वैधानिक सूचना ::**

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि हमारे संयुक्त नाम रामकुमार देवांगन, चित्ररेखा देवांगन, लुकेश्वर देवांगन, जागेश्वर देवांगन, चांदनी उर्फ चोमिन देवांगन, शिव कुमार देवांगन (मृत) उनके वरिसान अंबिका देवांगन, तारा देवांगन, कुंजलता देवांगन, हजारी देवांगन, चंदन देवांगन एवं कंचन देवांगन, सुलोचना देवांगन के संयुक्त नाम पर ग्राम हटकेशर, प.ह.नं. 31, रा.नि.मं. बठेना तह. व जि. धमतरी छ.ग. में स्थित जमीन जिसका खसरा नंबर 600, 601, 647, 140, 141, 605/2, 605/3, 651, 668, 669, रकबा क्रमशः 0.409, 0.498, 0.073, 0.401, 0.454, 0.268, 0.182, 0.271, 0.478 है। जिसके संबंध माननीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 1, धमतरी के न्यायालय में वाद लंबित है। जिसका प्रकरण क्र. 78 अ/ 2025 है एवं प्रकरण का नाम अंबिका देवांगन बनाम रामकुमार देवांगन है।

विश्वसनीय सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि उपरोक्त जमीन के विक्रय का सौदा का बातचीत चल रहा है जो व्यक्ति उक्त भूमि को क्रय करेगा वह अवैधानिक होगा वह स्वयं जिम्मेदार रहेगा हमारे उपर बंधनकारी नहीं हो।

**दिनांक-08/06/2026**

**भवदीय**
**हजारी लाल देवांगन**

# कुरूद युवा मोर्चा ने किया पौधारोपण

- पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास एवं जनभागीदारी का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायक विचार एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत कुरूद मंडल युवा मोर्चा द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर युवा मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण किया तथा अधिक से अधिक लोगों को पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सत्यम चंद्राकर, जिला मंत्री हिमांशु साहू, कुरूद मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष केशव चंद्राकर, उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत साहू एवं देवेंद्र साहू, महामंत्री ईश्वर साहू, कोषाध्यक्ष विक्रम साहू, मंत्री ऋषभ सिन्हा, कार्यसमिति सदस्य भागवत देवांगन, आशु लोधी, संजू साहू, सूरज सहित मोर्चा के युवा उपस्थित थे।

कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास एवं जनभागीदारी का संदेश दिया गया। युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने भविष्य में भी ऐसे जनजागरूकता कार्यक्रम के आयोजन का संकल्प लिया।

# डांडेसरा के आंगनबाड़ी केंद्र में हुआ न्योता भोज





हरिभूमि न्यूज ▶▶ डांडेसरा(धमतरी)

ग्राम डांडेसरा के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 1, 2 एवं 3 में शासकीय माध्यमिक शाला डांडेसरा के प्रधानपाठक राजेश साहू द्वारा अपनी पत्नी मिथिला साहू के जन्मदिन के अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी बच्चों को न्योता भोज में चाकलेट एवं केला दिया गया। इस अवसर पर भोलेश्वर यादव, टिकेश्वर साहू, किरण कुमार साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरस्वती लहरे, तीजन साहू, नीतू जोशी, सहायिका दीक्षा सोनवानी, हेमलता कंवर, दामिनी जांगड़े उपस्थित थे।

**शिविर में 168 आवेदनों का हुआ निराकरण**

# सुशासन तिहार में 19 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री



विकासखण्ड कुरूद के ग्राम पंचायत नारी में 19 ग्राम पंचायतों को शामिल करते हुए 4 जून को कलस्टर शिविर का आयोजन किया गया। इसमें ग्राम पंचायत नारी, गुदगुदा, सिरसिदा, भैंसमुण्डी, कुहकुहा, दहदहा, भोथली, गोबरा, बकली, कोकड़ी (ना), मौरीकला, कठौली, उमरदा, चारभाठा, परसवानी, मेंडरका, गोजी, चरमुड़िया, नवागांव (उ) शामिल हुए। शिविर में कुल आवेदन 993 प्राप्त हुए। मांग 978 एवं शिकायत के 15 आवेदन थे। प्राप्त मांग 168 का निराकरण किया गया।

शिविर में गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिपं धमतरी, श्रीमती गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद, दिलीप चकधारी सदस्य जनपद पंचायत कुरूद, शकुंतला रूपचंद देवांगन सभापति जनपद पंचायत कुरूद, सिंधु बैस सभापति जनपद पंचायत कुरूद, उर्वशी बांधेकर सदस्य जनपद पंचायत कुरूद, टिकेश साहू अध्यक्ष सरपंच संघ जिला धमतरी, सरपंच डेमिन साहू सरपंच नारी, सचिव विशालराम नागरची नारी समेत 18 ग्राम पंचायत के सचिव, सरपंच, उपसरपंच, पंचगण उपस्थित थे।

शिविर में अतिथियों एवं अमित कुमार सेन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुरूद सहायक नोडल अधिकारी ने विभिन्न विभागों के स्टालों का निरीक्षण किया।

Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528



विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

# पीएम मोदी के 12 साल बेमिसाल अभियान को सफल बनाने का लिया संकल्प

## कुकरेल मंडल की मासिक बैठक में केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाई गईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भाजपा मंडल कुकरेल की मासिक बैठक ग्राम करैहा स्थित साहू भवन में आयोजित की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर आधारित मोदी जी के 12 साल बेमिसाल अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

इसके अंतर्गत वरिष्ठ नागरिक संपर्क अभियान, स्वच्छता अभियान तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जैसे कार्यक्रमों का आयोजन प्रत्येक शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर करने का निर्णय लिया गया। साथ ही संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक सशक्त बनाने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए कार्ययोजना पर चर्चा की गई।



### कार्यकर्ताओं की मेहनत से बनी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी

इस अवसर पर मंडल प्रभारी विकल गुप्ता ने कहा कि कार्यकर्ताओं के समर्पण, अनुशासन और अथक परिश्रम के बल पर भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश एवं राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा दिए गए प्रत्येक कार्यक्रम को भाजपा कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ सफल बनाते हैं। कुकरेल मंडल की कार्यशैली की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यहां के कार्यकर्ता संगठन द्वारा सौंपे गए प्रत्येक दायित्व का उत्कृष्ट निर्वहन करते हैं।

बैठक में मंडल सहप्रभारी महेंद्र नेताम, मंडल महामंत्री टिकेश्वर साहू एवं वासु गंजीर, जनपद सभापति शुभम यदु, जनपद सदस्य कलावती मरकाम, जनपद सभापति प्रेमसिंह सलाम, सहकारी समिति अध्यक्ष हेमलाल ध्रुव, जिला अजजा मोर्चा महामंत्री श्यामा मंडावी, अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला मंत्री इंदल प्रजापति, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष वनलाल साहू, अजा मोर्चा अध्यक्ष भोज सोनवानी, सहकारी समिति अध्यक्ष दिलीप कोडोपी, अन्य पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष अजय यादव, महिला मोर्चा अध्यक्ष रितु साहू, सोशल मीडिया प्रभारी वरुण नेताम, ननकू दास मानिकपुरी, शत्रुघ्न साहू, उमेश्वरी नेताम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### ईरागांव में धर्म प्रचारकों का प्रवेश वर्जित, ग्रामसभा का निर्णय व लगाया गया बोर्ड

**भानुप्रतापपुर।** क्षेत्र के ग्राम ईरागांव में ग्रामसभा के निर्णय के बाद एक सूचना बोर्ड स्थापित किया गया है, जिसमें ईसाई धर्म प्रचारक पादरी एवं पास्टरों के गांव में प्रवेश पर रोक लगाए जाने की जानकारी दी गई है। इस निर्णय को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में आयोजित ग्रामसभा की बैठक में धर्मांतरण से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने कहा कि धर्म परिवर्तन के बाद कुछ लोग गांव की पारंपरिक धार्मिक गतिविधियों, पूजा-पद्धतियों, देवी-देवताओं एवं सामाजिक रीति-रिवाजों से दूरी बना लेते हैं, जिससे सामाजिक मतभेद और विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है। इसी संदर्भ में ग्रामसभा ने सर्वसम्मति से धर्मांतरण गतिविधियों के उद्देश्य से आने वाले पादरी एवं पास्टरों के गांव में प्रवेश पर रोक लगाने का प्रस्ताव पारित किया। ग्रामसभा के निर्णय के बाद गांव के प्रमुख स्थान पर एक सूचना बोर्ड लगाया गया है, जिसमें इस संबंध में स्पष्ट जानकारी अंकित की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यह कदम गांव की परंपराओं, सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक एकता को बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया गया है।

### अंग्रेजी शराब बेचते धनेसरा का एक कोचिया गिरफ्तार

**कांकेर।** जिले में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सरोना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।



पुलिस ने ग्राम धनेसरा के भरीपारा में छापेमारी कर एक शराब कोचिया के कब्जे से बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की है। कार्रवाई के दौरान 32 पौवा अंग्रेजी शराब जब्त की गई, जिसके बाद आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 6 जून को थाना क्षेत्र में ग्राम भ्रमण एवं जुर्म-जरायम पतासाजी के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम भरीपारा धनेसरा निवासी चन्द्रहास नेताम अपने घर में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब संग्रहित कर बिक्री कर रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए सरोना थाना प्रभारी के निर्देशन में पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी के घर पर दबिश दी। तलाशी के दौरान पुलिस ने घर के एक कमरे में रखे आसमानी रंग के बैग की जांच की। बैग के भीतर अंग्रेजी शराब 'जम्मू स्पेशल व्हिस्की' की 180-180 मिलीलीटर वाली कुल 32 बोतलें बरामद हुईं। जब्त शराब की कुल मात्रा 5.760 लीटर पाई गई जिसकी अनुमानित कीमत 3 हजार 840 रुपये आंकी गई है।

### पार्टी के बाद सोते आदमी की पिटाई, 3 पर मामला दर्ज, विवेचना प्रारंभ

**कांकेर।** पुरानी रंजिश के चलते एक व्यक्ति के साथ देर रात मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। नई मोटरसाइकिल खरीदने की खुशी में आयोजित पार्टी के बाद सो रहे व्यक्ति को जगाकर तीन लोगों ने विवाद किया और उसके साथ जमकर मारपीट कर दी। घटना में पीड़ित को सिर, पीठ, आंख और कमर में चोटें आई हैं। शिकायत मिलने के बाद भानुप्रतापपुर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शंकरनगर मुल्ला भानुप्रतापपुर निवासी 40 वर्षीय विजय पटेल ने थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत में उन्होंने बताया कि 7 जून की शाम उनके भांजे संजय सलाम ने नई मोटरसाइकिल खरीदने की खुशी में ग्राम कलवर में एक पार्टी का आयोजन किया था। पार्टी समाप्त होने के बाद भांजा गांव में ही बालाराम के दामाद पकलुराम नरेटी के घर के बाहर सो गए थे।

## सात दिवसीय जिला क्रिकेट संघ के टी-20 टूर्नामेंट का समापन

# धमतरी रेड बनी चैंपियन धमतरी ग्रीन उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सात दिवसीय टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन हो गया। धमतरी रेड ने खिताबी मुकाबले में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। वहीं धमतरी ग्रीन की टीम उपविजेता रही।

गौरतलब है कि संघ द्वारा 1 मार्च से पीजी कॉलेज क्रिकेट स्टेडियम में ड्यूज बॉल क्रिकेट समर कैंप का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में धमतरी रेड, धमतरी ग्रीन, धमतरी ब्लू और धमतरी येलो ने भाग लिया। धमतरी रेड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 109 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी धमतरी ग्रीन की टीम ने 17 ओवर में 4 विकेट खोकर 110 रन बनाते हुए मैच अपने नाम कर लिया।

धमतरी ग्रीन की ओर से कप्तान कुंतल साहू ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए सर्वाधिक 41 रन बनाए। धमतरी रेड की ओर से रणवीर सोनवाने ने 40 रनों की उल्लेखनीय पारी खेली। टूर्नामेंट में धमतरी रेड का नेतृत्व कप्तान हितेंद्र प्रताप ठाकुर व उपकप्तान जिशाल अली ने किया। धमतरी ग्रीन की कमान कप्तान कुंतल साहू व उपकप्तान प्रिंस शर्मा, धमतरी ब्लू की कमान कप्तान निलेश रजक व उपकप्तान अक्षत महावर और धमतरी येलो की कमान कप्तान मो. कैफ व उपकप्तान लक्ष्य तुर्रे के हाथों में रही। सात दिनों तक चले इस टूर्नामेंट को सफल बनाने में मुख्य कोच सजल चंद्राकर, सहायक कोच अंजली देवांगन और भूषण का उल्लेखनीय योगदान रहा।



### रोमांचक फाइनल और पुरस्कारों की बौछार

7 जून को खेले गए फाइनल महामुकाबले में धमतरी रेड ने अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए एबी क्रिकेट फाउंडेशन द्वारा प्रदत्त विजेता ट्रॉफी जीती। धमतरी रेड के कप्तान हितेंद्र प्रताप ठाकुर को उनके शानदार खेल के लिए फाइनल मैच का मैन ऑफ द मैच चुना गया। उपविजेता धमतरी ग्रीन रही। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट कुंतल साहू कप्तान धमतरी ग्रीन, बेस्ट बैट्समैन प्रिंस शर्मा उपकप्तान धमतरी ग्रीन, बेस्ट बॉलर कृष चंदन, बेस्ट फील्डर वैभव ध्रुव, बेस्ट विकेटकीपर रणवीर सोनवारे, विशेष प्रोत्साहन अवार्ड (अंडर-14) शिवम सिन्हा (13 वर्ष) को बैटिंग, बॉलिंग व फील्डिंग में मिला।

### खिलाड़ियों को मिलेंगी बॉलिंग मशीन और आधुनिक सुविधाएं

पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान धमतरी जिला क्रिकेट संघ के सचिव अजय बाबर और सहसचिव सकुश गुप्ता ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि आगामी सत्र में धमतरी के खिलाड़ियों की प्रतिभा को और निखारने के लिए बॉलिंग मशीन तथा अन्य आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रति सप्ताह जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों के लिए ड्यूज बॉल मैच आयोजित किए जाएंगे।

# भाजपा गंगरेल मंडल की बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा बनी

- भाजपा की वास्तविक ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता : डॉ. किरण बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



भाजपा गंगरेल मंडल की मासिक बैठक ग्राम गंगरेल स्थित मां कर्मा साहू समाज भवन में मंडल अध्यक्ष मोनिका देवांगन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला संगठन प्रभारी डॉ. किरण बघेल का प्रथम बार गंगरेल मंडल आगमन हुआ। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना साहू एवं मंडल सह प्रभारी अविनाश दुबे उपस्थित रहे।

बैठक में 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस से 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं 23 जून डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की कार्ययोजना तैयार की गई। इसके अंतर्गत पौधरोपण अभियान, जनसंपर्क अभियान, बूथ स्तरीय स्वच्छता अभियान, योग दिवस कार्यक्रम, मन की बात का सामूहिक श्रवण, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तरीय बैठकें तथा संगठनात्मक गतिविधियों के संचालन हेतु प्रभारियों की नियुक्ति की गई।

जिला संगठन प्रभारी डॉ. किरण बघेल ने कहा कि भाजपा की वास्तविक शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। संगठन के प्रत्येक कार्यक्रम को बूथ स्तर तक पहुंचाना तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में विकास और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। कार्यकर्ताओं को सरकार की उपलब्धियों एवं योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना चाहिए। मंडल सह प्रभारी अविनाश दुबे ने कहा कि कार्यकर्ताओं की सक्रियता संगठन की मजबूती का परिचायक है। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों को पूरी निष्ठा से सफल बनाने का आह्वान किया।

मंडल अध्यक्ष श्रीमती मोनिका देवांगन ने गंगरेल मंडल की संगठनात्मक संरचना एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। गंगरेल मंडल का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन के निर्देशों के अनुरूप कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री चंद्रहास जैन तथा आभार प्रदर्शन मंडल उपाध्यक्ष मुकेश यादव ने किया। बैठक के बाद विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला संगठन प्रभारी डॉ. किरण बघेल ने एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधरोपण किया। इस आयोजन में भाजपा कार्यकर्ता महेश शीला सविता, कीर्तन साहू एवं बूथ अध्यक्ष खेमराज साहू का विशेष योगदान रहा।

बैठक में जिला उपाध्यक्ष श्रीमती श्यामा साहू, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अनीता यादव, प्रकाश गोलछा, उमेश साहू, ऋषभ देवांगन, दिग्विजय सिंह, प्रीतपाल छाबड़ा, अंगिरा ध्रुव, नरेश यादव, अनीता वर्मा, घनश्याम यादव, भोलानाथ साहू, अंकित यादव, तोमेश साहू समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नपं पलारी में कांग्रेस की जीत पर निकली आभार रैली

**धमतरी।** नवनिर्मित नगर पंचायत पलारी में कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में आयोजित आभार रैली में हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं आम नागरिक शामिल हुए। नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर निर्वाचित कांग्रेस प्रत्याशी यानेश साहू एवं 10 वार्डों में कांग्रेस विजयी रही। रैली में धमतरी विधायक ओंकार ओंकार साहू, बालोद विधायक संगीता सिन्हा एवं कुरूद के पूर्व विधायक लेखराम साहू भी शामिल हुए। सभी नेताओं ने पलारी की जनता को कांग्रेस के पक्ष में ऐतिहासिक जनादेश देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। वक्ताओं ने कहा कि यह जीत कांग्रेस की जनहितैषी नीतियों, संगठन की एकजुटता और कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष यानेश साहू ने कहा कि वे जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए नगर के सर्वांगीण विकास, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार एवं जनकल्याण के कार्यों को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने पलारी की जनता के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है।

## लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री साय को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरी। (धमतरी)

छग सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर एवं छग धान खरीदी ऑपरेटर महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने ग्राम छाती चंद्रनाहू कुर्मी छत्रीय समाज महाधिवेशन में पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को लंबित चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष नरेंद्र साहू एवं ऋषिकांत मोहरे प्रदेश अध्यक्ष कम्प्यूटर आपरेटर संघ समेत अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।



# शिक्षा में किया गया निवेश कई गुना होकर लौटता है : मिश्रा



- धीवर समाज ने आयोजित किया प्रतिभा एवं करियर काउंसलिंग समारोह
- 85 मेधावी विद्यार्थियों और राष्ट्रीय खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धीवर समाज की करियर काउंसलिंग एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में जिले के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा एवं एसडीएम पीयूष तिवारी ने विद्यार्थियों को सफलता के सूत्र बताए।

इस अवसर पर कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण 85 छात्र-छात्राओं को पुस्तक, कॉपी, पेन एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर कराते प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों अंजलि फूटान, रिया फूटान एवं संतोषी मत्स्यपाल को धीवर समाज गौरव सम्मान दिया गया।

### विशेषज्ञों ने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी की जानकारी दी

गणित विषय के व्याख्याता आलोक मत्स्यपाल ने इंजीनियरिंग क्षेत्र में संभावनाओं तथा गणित विषय के महत्व पर प्रकाश डाला। चिकित्सा क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक विद्यार्थियों को नीट परीक्षा की तैयारी एवं बायोलॉजी विषय के संबंध में उपयोगी जानकारी दीगई। वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों को बैंकिंग, चार्टर्ड अकाउंटेंसी एवं वित्तीय क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में छग धीवर समाज महासभा के संरक्षक सेवकराम तारक, प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कुमार धीवर, महासचिव डॉ. रामलाल पेंदरिया, परमेश्वर फूटान, दिलीप कुमार नाग एवं रायपुर परगना अध्यक्ष दीपक धीवर ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति सम्मान प्राप्त कार्तिकराम हिरवानी का विशेष सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश नाग एवं सोहनलाल धीवर तथा आभार प्रदर्शन विष्णु प्रसाद निषाद ने किया।

### शिक्षा समाज और राष्ट्र के विकास की आधारशिला

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि शिक्षा किसी भी परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास की सबसे बड़ी आधारशिला है। बच्चों की शिक्षा पर किया गया व्यय वास्तव में भविष्य में किया गया निवेश है, जिसका लाभ कई गुना होकर पूरे समाज और देश को प्राप्त होता है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आग्रह किया। कलेक्टर ने कहा कि समाज में अनेक प्रतिभाएं हैं, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। ऐसे सफल व्यक्तियों को विद्यार्थियों के बीच लाकर प्रेरणादायी संवाद आयोजित किए जाने चाहिए।

### सफलता के लिए धैर्य व निरंतर प्रयास जरूरी

एसडीएम पीयूष तिवारी ने कहा कि किसी भी बड़ी परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए धैर्य, निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि एक-दो प्रयास में सफलता न मिले तो निराश होने के बजाय अपने लक्ष्य के प्रति और अधिक समर्पण के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

### सकारात्मक सोच से मिलता है लक्ष्य

मनोचिकित्सक डॉ. निधि वर्मा ने परीक्षा के दौरान तनाव प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्मविश्वास बढ़ाने के प्रभावी उपाय बताए। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच, नियमित अध्ययन और संतुलित दिनचर्या विद्यार्थियों की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।








विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

प्रथम पुण्यस्मरण



सुकमा कोंटा में शहीद हुए एवं मातृभूमि के लिये सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक
अमर शहीद आकाश राव गिरेपूंजे जी
स्वर्गलोक गमनः 9.6.2025
को शत्-शत् नमन एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि

श्रद्धांजलि कार्यक्रम - दिनांक 9 जून 2026
सुबह 11:00 बजे से 4:00 तक लाखे नगर चौक, रायपुर

- श्रद्धानवत् -
श्रीमती गीता मंदा गोविंद राव गिरेपूंजे (माता-पिता), श्रीमती स्नेहा आकाश राव गिरेपूंजे (पत्नी), सिद्धांत, नव्या (पुत्र-पुत्री), आदर्श गिरेपूंजे (भाई), श्रीमती रश्मि कमलाकर राव गिरेपूंजे, श्रीमती प्रेमलता बसंत गिरेपूंजे, श्रीमती सुनीता नरेंद्र राव गिरेपुजे (चाची-चाचा), श्रीमती खेमलता मैहरकुरे, श्रीमती रेखा गणेश ठोंबरे, श्रीमती अनीता उमेश मलेवार, (बुवा) एवं समस्त गिरेपूंजे परिवार

- मित्र गण -
सुखनंदन राठौर सर, अविनाश सर, राहुल देव शर्मा सर, कीर्तन राठौर सर, तारकेश्वर पटेल सर, पोर्ते सर, प्रशांत शुक्ला सर, विवेक शुक्ला सर, अमर सिदार सर, अभिषेक अग्रवाल सर

MAHESHWARI

## खबर संक्षेप

### आज विशेषज्ञ देंगे विद्यार्थियों को करियर टिप्स



**धमतरी।** विद्यार्थियों एवं पालकों को करियर चयन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से धमतरी मंडल देवांगन समाज द्वारा मंगलवार 9 जून को दोपहर 3:30 बजे देवांगन भवन हटकेशर धमतरी में करियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ विद्यार्थियों को शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं तथा रोजगार के अवसरों संबंधी मार्गदर्शन देंगे। मुख्य वक्ता नारायणप्रसाद देवांगन शिक्षक होंगे। कार्यक्रम में डॉ. देवा देवांगन, अनूपचंद देवांगन, शैलेंद्र तरार, बीएल देवांगन, दिनेश देवांगन, योगेंद्र देवांगन, त्रिलोक देवांगन, लता देवांगन सहित कई शिक्षक, व्याख्याता, प्राचार्य, अधिवक्ता एवं शिक्षाविद उपस्थित रहेंगे। समाज के अध्यक्ष जगदीश चंद्र देवांगन ने बताया कि कार्यक्रम में जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क कॉपी, पेन एवं आवश्यकतानुसार पुस्तकें भी वितरित की जाएंगी। जन्मतिथि के आधार पर न्यूमरोलॉजी के माध्यम से करियर संबंधी परामर्श भी दिया जाएगा।

### आदिवासी छात्र संगठन ने मरीजों को बांटे फल

**पखांजूर।** आदिवासी छात्र युवा संगठन छत्तीसगढ़ ने अपने 6 वें स्थापना दिवस के अवसर पर सिविल हॉस्पिटल पखांजूर में संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अस्पताल में भर्ती मरीजों, उनके परिजनों, डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ को फल वितरित कर सेवा एवं मानवता का संदेश दिया। इस दौरान मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई। कार्यक्रम में संगठन के अध्यक्ष राजेश नुरुटी सहित अनेक पदाधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जहर खाए युवक की अस्पताल में मौत

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत आंवराभाट निवासी 31 वर्षीय सुकचंद्र कुम्हार पिता बुरकाराम ने जहर खा लिया, जिसके कारण उसकी 14 अप्रैल को मौत हो गई। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक ने जहर खाया था। इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### बीमार महिला की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत पुसवाड़ा निवासी 67 वर्षीय कमला बाई साहू पति छेड़ीराम साहू का स्वास्थ्य खराब होने के कारण 7 जून को मौत हो गई। जिला अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतिका को इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। इलाज से पहले हि उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### युवक ने दी फांसी लगाकर जान

**कांकेर।** ताड़ोकी थानांतर्गत कल्लेपरस निवासी 27 वर्षीय बैजूराम उसेंडी पिता रामूराम उसेंडी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक के पिता ने पुलिस को बताया कि उसके बेटे ने 6 से 7 जून के बिच खेत की ओर आम पेड़ में फंदा बनाकर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### जनदर्शन के 26 आवेदनों पर कार्रवाई के निर्देश

**कांकेर।** जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे 26 आवेदकों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं से कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर को अवगत कराया। जनदर्शन में मिले भूमि रजिस्ट्री, नामांतरण, भूमि आबंटन, खसरा दुरुस्तीकरण, मनरेगा भुगतान, प्रमाण पत्र, वेतन, सड़क मरम्मत, प्रधानमंत्री आवास एवं अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित आवेदन को शीघ्र एवं निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान डीएफओ रौनक गोयल, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी एवं सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुस्लिम समाज की गाय को राष्ट्रीय एवं राजकीय पशु घोषित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रजा यूनिटी फाउंडेशन के नेतृत्व में सोमवार को एसडीएम कार्यालय के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति एवं छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। संगठन ने केंद्र सरकार से गाय को राष्ट्रीय पशु एवं राष्ट्रीय माता तथा राज्य सरकार से गाय को राजकीय पशु एवं राजकीय माता घोषित करने की मांग की है।

ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी की उपस्थिति में तहसीलदार को सौंपा गया। इसमें गौवंश संरक्षण को प्रभावी बनाने, आवारा गौवंश की समस्या का स्थायी समाधान निकालने, पर्याप्त संख्या में गौशालाओं की स्थापना करने तथा पशु मालिकों की जवाबदेही तय करने की मांग की गई। साथ ही गौवंश के अवैध वध, परिवहन और तस्करी पर सख्ती से रोक लगाने की आवश्यकता भी बताई गई।

इस अवसर पर मोहम्मद अमीन ने कहा कि गाय करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है, इसलिए जनभावनाओं का सम्मान करते हुए उसे विशेष दर्जा प्रदान किया जाना चाहिए। अशफाक अली हाशमी पूर्व अध्यक्ष, अंजुमन इस्लामियां कमेटी ने कहा कि गौ संरक्षण केवल धार्मिक विषय नहीं, बल्कि कृषि, पर्यावरण, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पशु कल्याण से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा है।

रजा यूनिटी फाउंडेशन के अध्यक्ष मो. सरफराज ने कहा कि गौवंश के अवैध परिवहन एवं तस्करी के मामलों में निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि वास्तविक दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हो तथा बिना पर्याप्त जांच के किसी भी निर्दोष व्यक्ति को प्रताड़ित न किया जाए।

ज्ञापन सौंपने के दौरान अधिवक्ता मोहम्मद मुन्नाफ, एजाज अनवर, सलीम गौस, मोहम्मद तनवीर खान, अवैश हाशमी, रसूल खान, जाहिद अहमद, फिरोज खान, कासिब सहित मुस्लिम समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।

**राष्ट्रपति व राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन**




ग्रामीण क्षेत्रों में लागू होंगे नए स्वच्छता नियम

# गांवों में भी गीला-सूखा कचरा अलग करना होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विश्व पर्यावरण दिवस पर जिले की ग्राम पंचायतों में आयोजित विशेष ग्राम सभाओं में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के नए नियमों पर चर्चा की गई। अब गांवों में भी गीला और सूखा कचरा अलग-अलग करना अनिवार्य किया जाएगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देश पर आयोजित ग्राम सभाओं में ग्रामीणों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

जिले की करीब 370 पंचायतों में आयोजित ग्राम सभाओं में कचरा प्रबंधन, स्वच्छ गांव निर्माण और जलस्रोतों की सुरक्षा जैसे विषयों पर मंथन हुआ। अधिकारियों ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में भी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के नियमों को प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा। ग्राम कोलियारी, करेठा, अमेठी परसुली के पंचायत पदाधिकारी एवं ग्राम समिति के सदस्यों ने बताया कि नए नियमों के अनुसार अब घरों में निकलने वाले कचरे को चार श्रेणियों में अलग करना जरूरी होगा। इसमें गीला, सूखा, सैनिटरी और घरेलू हानिकारक कचरा शामिल है। ग्राम सभाओं में ग्रामीणों को बताया गया कि गीले कचरे से जैविक खाद तैयार की जाएगी और सूखे कचरे का पुनर्चक्रण किया जाएगा।

ग्रामीण भीखम साहू, विनोद साहू, मोतीलाल साहू, अशोक मानिकपुरी, दुखीराम सोनकर, नरोत्तम ध्रुव ने कहा कि खुले में कचरा फेंकने और जलाने पर रोक लगाने की जानकारी भी दी गई। नालियों, तालाबों और अन्य जलस्रोतों को प्रदूषण से बचाने के लिए पंचायत स्तर पर निगरानी बढ़ाने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने ग्रामीणों से स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। पंचायत प्रतिनिधियों को गांवों में जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

**गीले कचरे से जैविक खाद तैयार की जाएगी**



#### ग्राम सभा की वीडियो रिकॉर्डिंग भी हुई

प्रशासन के निर्देश पर ग्राम सभाओं की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की गई। ग्राम सभा में लिए गए निर्णयों और चर्चा का विवरण ग्राम सभा निर्णय मोबाइल एप में अपलोड किया जाएगा। इसके अलावा भारत सरकार के एआई आधारित सभासार पोर्टल के माध्यम से कार्यवाही का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है।

#### बड़े आयोजकों को खुद करना होगा कचरे का प्रबंधन

ग्राम सभाओं में यह भी बताया गया कि गांवों में आयोजित बड़े धार्मिक, सामाजिक कार्यक्रम, होटल, मैरिज गार्डन और हाट-बाजारों में यदि प्रतिदिन 100 किलो से अधिक कचरा निकलता है, तो संबंधित संस्था को उसका स्वयं प्रबंधन करना होगा। सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगाने, स्वयं सहायता समूहों को कचरा प्रबंधन से जोड़ने और सफाई कार्य में लगे लोगों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया। अधिकारियों का कहना है कि इन नियमों से गांवों में स्वच्छता व्यवस्था मजबूत होगी और स्वस्थ ग्राम निर्माण के लक्ष्य को नई दिशा मिलेगी।

## रत्नाबांधा मुक्तिधाम में 10 लाख के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन



**धमतरी।** जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 15 के ग्राम पंचायत रत्नाबांधा में मुक्तिधाम में प्रतीक्षालय, टिन शेड निर्माण एवं बोर खनन कार्य का भूमिपूजन समारोह आयोजित किया गया। लगभग 10 लाख की लागत आयेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच फकीरचंद वर्मा ने की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत सदस्य कीर्तन मीनपाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार के दौरान लोगों को धूप, बारिश और पानी की समस्या का सामना करना पड़ता था, जिसे देखते हुए प्रतीक्षालय, टिन शेड और बोर खनन कार्य स्वीकृत कराया गया है

विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य धनेश्वरी साहू ने कहा कि निर्माण कार्य से रत्नाबांधा सहित आसपास के ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने गांव के विकास के लिए निरंतर प्रयास जारी रखने की बात कही। उपसरपंच दादूलाल यदु ने कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ समय सीमा में पूरा कराया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच रामभागवत मीनपाल सहित पंचायत प्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज को दंपति ने भेंट किया कूलर



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

भीषण गर्मी के मौसम में सामाजिक जनों को राहत प्रदान करने की भावना से नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 01 निवासी श्रीमती ईश्वरी ध्रुव सेवानिवृत्त लिपिक एवं डी.एस. ध्रुव सेवानिवृत्त लिपिक ने आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज नगरी को एक कूलर भेंट किया।

समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि उनका यह योगदान सामाजिक सरोकार, जनकल्याण एवं समाज सेवा के प्रति उनकी संवेदनशील सोच का परिचायक है।

समाजजनों ने दंपति के इस प्रेरणादायी एवं अनुकरणीय कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे सकारात्मक प्रयास समाज में सेवा, सहयोग और परोपकार की भावना को सुदृढ़ करते हैं तथा अन्य लोगों को भी समाजहित में योगदान देने के लिए प्रेरित करते हैं। आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज नगरी ने दंपति के उत्तम स्वास्थ्य, सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामना की है। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष सुरेंद्र ध्रुव, उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोरी, कोषाध्यक्ष सुरेश ध्रुव, महासचिव नरेश छेदैहा, सहसचिव पूरन नेताम, मानिक ध्रुव, संरक्षक भांवत ध्रुव नगर अध्यक्ष कैलाश मरई सहित अवध मरकाम, हीरा मरकाम, चिंतामणि मरकाम, सियाराम नेताम, विरेंद्र सलाम, तरुणा ध्रुव, मीना देवी शांडिल्य, शशिकला ध्रुव, पुष्पा देवी मंडावी, अनीता मरकाम समेत बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित थे।

## टूलीसा, पल्लवी और श्रेया ने बढ़ाया नगर का मान

■ राष्ट्रीय स्तर पर हासिल की ऐतिहासिक सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

जिले के नगर पालिका क्षेत्र कुरूद की तीन प्रतिभाशाली बेटियों टूलीसा साहू, पल्लवी सिन्हा और श्रेया श्रीवास ने अपनी अद्भुत कला प्रतिभा के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर शानदार उपलब्धि हासिल कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इन होनहार बेटियों ने देश के विभिन्न राज्यों में आयोजित सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और छत्तीसगढ़ सहित धमतरी जिले को गौरवान्वित किया। कत्थक नृत्य में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए इन बेटियों ने देश के प्रतिष्ठित धार्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्रों में आयोजित प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया।

उन्होंने जगन्नाथपुरी (ओडिशा), उज्जैन महाकालेश्वर (मध्यप्रदेश), काशी विश्वनाथ वाराणसी (उत्तरप्रदेश), विशाखापट्टनम (आंध्रप्रदेश), नागपुर (महाराष्ट्र) और देहरादून (उत्तराखंड) सहित विभिन्न शहरों में आयोजित आयोजनों में अपनी श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त कर सफलता का परचम लहराया। इनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि ने न केवल कुरूद नगर बल्कि पूरे धमतरी जिले का गौरव बढ़ाया है। राष्ट्रीय स्तर पर लगातार मिली सफलताओं ने इन बेटियों को कला जगत में एक नई पहचान दिलाई है।



#### नगर में खुशी की लहर

बेटियों की इस ऐतिहासिक सफलता पर कुरूद नगर में हर्ष का माहौल है। नगर के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, सामाजिक संगठनों एवं आमजनों ने सोशल मीडिया पर बधाइयां दी हैं। नगरवासियों का कहना है कि इन बेटियों की मेहनत, लगन और समर्पण ने यह साबित कर दिया है कि छोटे शहरों की प्रतिभाएं भी राष्ट्रीय मंच पर अपनी अलग पहचान बना सकती हैं।

## पेट्रोलिंग पुलिस पर मारपीट का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

**तीन डीएसपी करेंगे वायरल वीडियो की जांच**

अर्जुनी थाने के टीआई चंद्रकांत साहू और एक युवक के बीच हुई बहस का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद यह बड़ा तूल पकड़ लिया है। इस मामले को एसपी ने संज्ञान में लेते हुए तीन डीएसपी की जांच टीम गठित की है।

मामला गुरुवार की रात 1 बजे मुजगहन बाईपास का है। वीडियो में युवक के साथ उसकी पत्नी और बेटी नजर आ रही है। युवक आरोप लगा रहा है कि वाहन जांच के बहाने पुलिसकर्मियों ने उसे रोका, मारपीट तथा हाथापाई की। इस घटना ने पुलिस की कार्यशैली पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। टीआई को उंगली दिखाते हुए अपशब्द कहते हुए दोनों पक्षों के बीच बहस करते हुए वीडियो रिकार्ड किया गया है। घटना के बाद पुलिस ने जांच कर युवक को उनके परिवार समेत घर भेज दिया। इस घटना के बाद पुलिस की खूब किरकिरी हुई है। एसपी सूरजसिंह परिहार ने बताया कि मामले की जांच तीन डीएसपी करेंगे। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## 600 खिलाड़ियों को पछाड़ धमतरी के रघुवीर बघेल का छत्तीसगढ़ टीम में चयन

■ आईएससीएल सीजन-2 प्रतियोगिता नवंबर में बेंगलुरु में होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले के युवा खिलाड़ी रघुवीर बघेल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंडियन सॉफ्टबॉल क्रिकेट लीग (आईएससीएल) सीजन-2 के लिए छत्तीसगढ़ की मुख्य टीम में जगह बनाई है। रघुवीर की इस उपलब्धि से जिले के खेल जगत में खुशी का माहौल है। जानकारी के अनुसार आईएससीएल सीजन-2 के लिए प्रदेशभर से लगभग 500 से 600 खिलाड़ियों ने ऑनलाइन आवेदन किया था। इसके बाद रायपुर के सीकर्स रेलवे ग्राउंड में 3 और 4 जून को दो दिवसीय ट्रायल आयोजित किया गया। कड़े मुकाबले और चयन प्रक्रिया के बाद छत्तीसगढ़ की टीम के लिए केवल 14 खिलाड़ियों का चयन किया गया, जिसमें धमतरी के रघुवीर बघेल ने भी अपनी जगह पक्की की। राष्ट्रीय स्तर की यह प्रतियोगिता नवंबर माह में बेंगलुरु में होगी। पूरे एक महीने तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में देश के 32 राज्यों की 32 टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों के प्रतिभावान खिलाड़ी अपना खेल कौशल दिखाएंगे। खेल प्रेमियों का कहना है कि रघुवीर ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है तथा वे प्रतियोगिता में भी बेहतर प्रदर्शन कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।



## किसान यूनियन 15 को करेगी कलेक्टोरेट का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छग किसान यूनियन जिला धमतरी द्वारा किसानों, मजदूरों एवं आम जनता की विभिन्न मांगों को लेकर 15 जून सोमवार को दोपहर 1 बजे कलेक्ट्रेट का घेराव किया जायेगा। यूनियन के अध्यक्ष घनाराम साहू ने बताया कि संगठन ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक को सूचना पत्र सौंपते हुए शांतिपूर्ण आंदोलन की जानकारी दी है।

किसान यूनियन ने मांग की है कि किसानों को प्रति एकड़ दो बोरी यूरिया एवं दो बोरी डीएपी उपलब्ध कराया जाए। नकली खाद, बीज एवं दवाइयों की बिक्री तथा खाद की कालाबाजारी पर तत्काल रोक लगाकर कार्रवाई की जाए। नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया की खरीदी को अनिवार्य नहीं बल्कि स्वैच्छिक करने तथा पूर्व सरकार की तरह गोबर जैविक कंपोस्ट खाद योजना फिर से शुरू करने की मांग भी उठाई है। बिजली बिल कम करने, स्मार्ट मीटर हटाने, लंबित वृद्धा पेंशन जारी करने तथा सभी के लिए समान शिक्षा व्यवस्था लागू करने की मांग की गई है।

किसान यूनियन ने निजी स्कूल-कॉलेज बंद कर सरकारी स्कूलों में समान शिक्षा अनिवार्य करने की बात कही है। पूर्ववर्ती बघेल सरकार के दौरान धान खरीदी की लंबित चौथी किस्त किसानों को देने तथा डीजल, पेट्रोल और गैस सिलेंडर के दाम कम करने की मांग भी रखी है। किसान यूनियन के जिला पदाधिकारी घनाराम साहू, सुदर्शन ठाकुर, रामनिहोरा निषाद एवं दीनदयाल साहू ने कहा कि मांगों के निराकरण के लिए लोकतांत्रिक तरीके से कलेक्ट्रेट का घेराव किया जाएगा।



### आचार्यों एवं दीदियों का आवासीय प्रशिक्षण जारी

**पुरी।** सशिमं छाती में पहली बार जिला स्तरीय नवीन आचार्यों एवं दीदियों का 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण 12 जून तक चलेगा। इसके सफल आयोजन को लेकर विद्यालय की कार्यकारिणी, स्टाफ, पालकगण एवं सहयोगी सदस्य तैयारियों में जुटे हुए हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

## भारतीय संस्कृति, सभ्यता और नैतिक मूल्यों से अवगत हुए बच्चे

**धमतरी।** भखारा क्षेत्र के सेमरा डी स्थित सद्गुरु कबीर साध्वी आश्रम में साध्वी सीमा साहेब के संरक्षण में 2 जून से 5 जून तक बाल संस्कार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर भारतीय संस्कृति, सभ्यता और नैतिक मूल्यों की जानकारी प्राप्त की। साध्वी सुश्री सीमा साहेब ने बच्चों को सहज एवं सरल तरीके से संस्कारमय जीवन जीने का मार्गदर्शन दिया तथा विभिन्न प्रेरणादायी गतिविधियों के माध्यम से निःशुल्क ज्ञान प्रदान किया। शिविर के समापन अवसर पर 5 जून को सद्गुरु कबीर साहेब का प्राकट्य दिवस एवं कबीर जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या मेंसत्संग प्रेमी शामिल हुए। सुबह प्रभातफेरी निकाली गई, गुरु वाणी का पाठ किया गया।







